के आवेदन पत्रों का निपटान दर्शाया गया है, सभा पटल पर रखा है। ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या LT--5690/73]।

स्वतन्त्रता सेनानी, जिन्होंने पेंशन लेनी शुरू कर दी है, की संख्या के सम्बन्ध में निश्चित सूचना उपलब्ध नहीं है क्योंकि सामान्यतया स्वत... सेनानी को पेंशन प्राप्त करने में स्वीकृति आदेश जारी होने के बाद चार से छः सप्ताह लगते हैं।

आवेदन पत्र राज्य सरकारों या सम्बन्धित आवेदकों से स्पष्टीकरण न आने के कारण लम्बित पड़े हैं।

(ग) यह बताना सम्भव नहीं है कि पेंशन स्वीकृति का कार्य कब पूरा होगा क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि राज्य सरकारें अथवा स्वतन्त्र सेनानी से मांगी गई सूचना कितनी जल्दी मिलती हैं।

बिहार के स्वतन्त्रता सेनानियों को पेंशन की स्वीकृति

494. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार से स्वतन्त्रता सेनानी पेंशन के लिए आवेदन करने वाले सेनानियों की कुल तथा जिलेवार संख्या कितनी है और जिन सेनानियों को पेंशन स्वीकृत की गई है उनकी जिलेवार संख्या कितनी है ;

(ख) जिनके आवेदन पत्र विचाराधीन हैं; उनकी जिलेवार संख्या क्या है और जिन सेनानियों के आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिए गये हैं उनकी जिलेवार संख्या कितनी है; और

(ग) पटना के पेंशन पानेवालों तथा जिनके आवेदन पत्र अस्वीकृत हुये, उनके अलग अलग नाम क्या हैं ?

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) और (ख) : सूचना का एक विवरण संलग्न है।

(ग) पटना जिले के 1286 स्वतन्त्रता सेनानियों को पेंशन स्वीकृत की गई है और 372 व्यक्तियों के आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं। इन सभी व्यक्तियों के नाम देना संभव नहीं है। किन्तु केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत जिन व्यक्तियों की पेंशन स्वीकृत की गई है उनके सम्बन्ध में स्थानीय समाचार पत्रों द्वारा व्यापक प्रचार किया जाता है।

विवरण

क्रम सं०	जिलों के नाम (क्योंकि आवेदन पत्र पुराने जिलों के अनुसार प्राप्त हुए थे अतः उनके नाम लिख दिए गए हैं)	पेंशन के लिए आवेदन पत्र भेजने वाले व्यक्तियों की संख्या	उन स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या जिन्हें पेंशन स्वीकृत की गई है।	विचाराधीन आवेदन-पत्रों की संख्या	अस्वीकृत किए गये आवेदन-पत्रों की संख्या
1	2	3	4	5	6
1	पटना	3280	1286	1622	372
2	दरभंगा	2700	1146	1073	481
3	पलामऊ	291	140	83	68
4	मुंगेर	1694	802	748	144
5	चम्पारन	1059	637	289	133
6	सारन	1548	560	700	243
7	गया	1217	575	474	168
8	सहर्षा	392	246	124	22
9	हजारीबाग	310	123	114	73
10	धनबाद	86	44	26	16
11	पूर्णिया	986	274	463	249
12	शाबाबाद	2116	844	1063	209
13	मुजफ्फरपुर	2253	799	1354	100
14	भागलपुर	1760	748	878	134
15	संथाल परगना	857	284	343	230
16	रांची	586	91	196	299
17	सिंगभूम	135	21	62	52
18	सिवान	33	2	31	शून्य